भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2798

गुरुवार, 19 दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक)

एनसीएस पोर्टल पर नौकरियाँ विज्ञापित किया जाना

2798. डा. के. लक्ष्मण:
श्री नरेश बंसल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार की मांग और आपूर्ति को डिजिटाइज करने के लिए कोई पहल की है;

(ख) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल की शुरुआत से अब तक इसके माध्यम से लिंग-वार, राज्य-वार और क्षेत्र-वार कुल कितनी रिक्तियों पर भर्ती कराई गई है;

(ग) क्या एनसीएस पोर्टल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार अवसरों को भी विज्ञापित किया जा रहा है, यदि हाँ, तो पोर्टल पर विज्ञापित इन रोजगारों का दायरा और सीमा क्या है; और

(घ) एनसीएस पोर्टल की शुरुआत से अब तक इसके माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कितनी रिक्तियों पर भर्ती कराई गई हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से इसकी स्थापना के बाद से लिंग-वार, राज्य-वार और क्षेत्र-वार जुटाई गई कुल रिक्तियों की संख्या क्रमशः अनुबंध-**I**, अनुबंध-**II** और अनुबंध-**III** में दी गई है।

एनसीएस पोर्टल पर अंतर्राष्ट्रीय नौकरियों के लिए मॉड्यूल अप्रैल, 2022 से शुरू किया गया था जो विदेश मंत्रालय (एमईए) पंजीकृत भर्ती एजेंटों को एनसीएस पोर्टल पर अंतर्राष्ट्रीय नौकरी के अवसर पोस्ट करने की सुविधा प्रदान करता है। **15** नवंबर, **2024** तक, भर्ती एजेंटों ने एनसीएस पोर्टल पर 17,169 अंतर्राष्ट्रीय रिक्तियों को पोस्ट किया है।

*****

<u>अनुबंध-I</u>

राज्य सभा के दिनांक 19.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2798 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

दिनांक 15 नवंबर, 2024 तक, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर इसकी स्थापना के बाद से 3,52,75,833 रिक्तियां जुटाई गई हैं। लिंग-वार वितरण नीचे दिया गया है:

(आंकड़े लाख में)

लिंग-वार जुटाई गई रिक्तियां	
लिंग	**रिक्तियों की संख्या**
महिला	8.19
पुरुष	52.51
ट्रांसजेंडर	0.17
निर्दिष्ट नहीं है	291.89
सकल योग	**352.76**

<u>अनुबंध-II</u>

राज्य सभा के दिनांक 19.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2798 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

दिनांक 15 नवंबर, 2024 तक, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल की स्थापना के बाद से उसके माध्यम से जुटाई गई राज्य-वार रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

राज्य-वार जुटाई गई रिक्तियां	
राज्य का नाम	**रिक्तियों की संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	2,308
आंध्र प्रदेश	234,499
अरुणाचल प्रदेश	18,294
असम	100,371
बिहार	530,938
चंडीगढ़	86,478
छत्तीसगढ	134,135
दादरा और नगर हवेली	347
दमन और दीव	2,886
दिल्ली	429,422
गोवा	29,841
गुजरात	523,320
हरियाणा	337,650
हिमाचल प्रदेश	55,166
जम्मू और कश्मीर	110,731
झारखंड	328,044
कर्नाटक	1,465,752
केरल	188,461
लददाख	59
लक्षदवीप	2,884
मध्य प्रदेश	205,341
महाराष्ट्र	1,533,463
मणिपुर	6,425
मेघालय	14,779
मिजोरम	3,556
नागालैंड	3,996
ओडिशा	354,250
पुडुचेरी	16,299
पंजाब	193,650
राजस्थान	303,716
सिक्किम	5,352
तमिलनाडु	1,715,285
तेलंगाना	610,648
त्रिपुरा	16,513
उत्तर प्रदेश	1,108,648
उत्तराखंड	172,265
पश्चिम बंगाल	3,922,741
एकाधिक राज्य/पैन इंडिया	20,507,320
सकल योग	**35,275,833**

अनुबंध-III

राज्य सभा के दिनांक 19.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2798 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

दिनांक 15 नवंबर, 2024 तक, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल की स्थापना के बाद से इसके माध्यम से जुटाई गई क्षेत्र-वार रिक्तियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(आंकड़े लाख में)

क्षेत्र-वार जुटाई गई रिक्तियां	
क्षेत्र वार	**रिक्तियों की संख्या**
कृषि एवं संबंधित	3.00
कला और मनोरंजन	0.59
सिविल एवं निर्माण कार्य	21.52
शिक्षा	7.55
वित्त और बीमा	138.24
स्वास्थ्य	3.73
होटल, खाद्य सेवा और खानपान	3.30
घरेलू और घरेलू काम	0.72
आईटी और संचार	27.72
उत्पादन	16.79
खनन एवं उत्खनन	0.39
संचालन एवं समर्थन	40.26
अन्य सेवा गतिविधियाँ	47.94
विद्युत और ऊर्जा	1.05
लोक प्रशासन और रक्षा	6.04
रियल एस्टेट गतिविधियाँ	0.64
विशिष्ट व्यावसायिक सेवाएँ	6.81
परिवहन एवं भंडारण	11.17
जल आपूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन	0.25
थोक एवं खुदरा	5.36
क्षेत्र निर्दिष्ट नहीं है	9.71
सकल योग	**352.76**